प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.10.2023 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर अर्पित कर रहा है भावभीनी श्रद्धांजलि।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गांधी जी और शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें किया नमन : कहा– दोनों महापुरूषों के संदेश लोगों को करते रहेंगे सदैव प्रेरित।
3. मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में साइबर क्राइम थाना खोलने और एंटी रोमियो स्क्वायड को फिर से सक्रिय करने के दिये निर्देश।

और

4. देवरिया के फतेहपुर गांव में जमीनी विवाद की रंजिश में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में छह लोगों की मौत : मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश।

———————

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयन्ती पर

श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के टाउन हाल स्थित गांधो जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री गोलघर स्थित गांधी आश्रम पहुंचे वहां उन्होंने चरखा चलाया और खादी के वस्त्र खरीदं। गांधी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बापू ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। बाइट...........

*बापू के स्वदेशी स्वावलंबन और सत्य औरअहिंसा का मार्ग बता करके लोगों को इसके प्रति आग्रही बनाया। वहीस्वच्छता भी उनके अभियान का एक महत्वपूर्ण पडाव था। भारत आज स्वच्छ भारत अभियान के माध्यमसे पूज्य बापू को स्वच्छांजलि कार्यक्रम के माध्यम से भी अपनी श्रद्धा व्यक्तकर रहा है। एकतरफ बापू के प्रति नमन और दूसरी तरफ महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देशके वित्तीय प्रधानमंत्री जय जवान, जय किसान उन का उद्घोष करके पूरेभारतवासियों को सुरक्षा के प्रति भी और आत्मनिर्भरता के प्रति भी आह्वानकरने वाले स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री जी की भी आज पवन जयंती है। आजइन दोनों महापुरुषों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने देश और समाज केलिए उनके योगदान के प्रति नमन करने का एक अवसर है। मैं प्रदेश सरकार और प्रदेशवासियों कीओर से भारत माता के दो महान सपूतों को नमनकरते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।*

———————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और दश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर

शास्त्री की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और सभी को बधाई दी।

इस अवसर पर राजभवन के गाँधी सभागार में बच्चों ने बापू के प्रिय भजन प्रस्तुत किये इस मौके पर श्रीमती पटेल ने कहा कि गांधी जी के विचारों की विश्व भर में सराहना हुई, उनके विचारों से देश और विदेश के लोगों ने प्रेरणा प्राप्त कर जीवन में सफलता पायी। राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। राज्यपाल ने कहा कि शास्त्री जी अपने सादा जीवन, उच्च विचार तथा जन–जन के हित साधक के रूप में हमेशा याद किये जाते रहेंगे।

——————————

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आज प्रदेश भर में धूमधाम से मनाई जा रही है। विभिन्न स्थानों पर लोग उनकी प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहे हैं। इस अवसर पर सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों और विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों विभूतियों को याद किया गया। कई स्थानों पर बापू के प्रिय भजनों के गायन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गये हैं।

केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल आगरा में शहीद स्मारक पर गांधी जी और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री स्मृति भवन संग्रहालय में पुष्पांजलि गोष्ठी और महात्मा गांधी जी के जीवन यात्रा पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उन्नाव में इस अवसर पर स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई।

पीलीभीत में कई स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। चंदौली में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कासगंज में पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने एक समारोह में सभी पुलिस कर्मियों को सत्य और अहिंसा की भावना के साथ अपने कर्तव्यों के निवर्हन के लिये शपथ दिलाई।

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक आदित्य कुमार की अध्यक्षता में लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेल प्रबंधन ने रेल कर्मियों और रेल यात्रियों को कपड़े के थैले वितरित किय।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों में साइबर क्राइम थाना खोलने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सभी थानों में साइबर सेल यूनिट का गठन करने के लिये भी कहा है। कल प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शोहदों पर नकेल कसने के लिये फिर से राज्यभर में एंटी रोमियो अभियान चलाया जाये। इसके लिये उन्होंने एंटी रोमियो स्क्वायड को सक्रिय करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक समय से हा, जिसमें जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और जिला जज शामिल होकर विभिन्न मामलों की चार्जशीट समय से

दाखिल करवाने की प्रगति की समीक्षा कर, इसमें खासकर पॉक्सो और महिला अपराध पर फोकस रखा जाये।

——————————

देवरिया जिले के रूद्रपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत फतेहपुर गांव में आज जमीनी विवाद की रंजिश में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में छह लोगों की मृत्यु हो गई। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि जिले के फतेहपुर गांव के लेहड़ा टोले में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान एक पक्ष के एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे पक्ष के छह लोग घायल हो गये। घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां पांच लोगों की मृत्यु हो गई। जिले के पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि इस प्रकरण में 14 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। फतेहपुर गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है और मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद है।

——————————

प्रदेश के संभल जिले में अतिक्रमण के चलते विलुप्त हो चुकी सोत नदी जिला प्रशासन तथा ग्रामीणों की सहभागिता से फिर से पुनजीर्वित हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले रविवार को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में संभल जिले के लोगों की जन सहभागिता की सराहना करते हुए सोत नदी का जिक्र किया था। संभल जिले के जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया............

*सोत नदी के बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना थी, जिसके अन्तर्गत नवम्बर 2022 में पुनः इसका जीर्णोद्धार कराकर शुरू किया था और लगभग एक लाख 70 हजार मानव दिवस सृजित करके मनरेगा योजना के अन्तर्गत इसका जीर्णोद्धार किया गया और लगभग 110 किलोमीटर से भी ज्यादा लम्बाई में इस नदी को पुनर्जीवित करने का कार्यक्रम चलाया गया ओर यह भी बड़ी खुशी की बात है कि आज जब उस पूरी नदी में जल प्रवाहित है तो न सिर्फ यहां के स्थानीय किसानों में बल्कि वहां के लोगों में भी इसको लेकर काफी खुशी है और माननीय प्रधानमंत्री जी के माध्यम से इसकी प्रशंसा होना यह हमारे लिये बहुत ही गर्व की बात है और हमें आगे जाकर जनपद संभल की अन्य विलुप्त नदिया जैसे मावा नदी है उसको भी पुनर्द्धार कार्यक्रम शुरू करने में एक बहुत ही बल प्रदान करेगी।*

जिला अमरोहा से निकल कर संभल होते हुए बदायूं तक लगभग एक सौ दस किलोमीटर का सफर तय करके बहने वाली सोत नदी आज पानी से लबालब भर गई है, जिसे देखकर यहां के ग्रामीण काफी खुश हैं।

इस संबंध में संभल जिले के सैफनी गांव के निवासी मोहित बताते हैं कि................

*मेरे खेत के निकट दो दशक पहले सोत नदी बहा करती थी जिससे सिंचाई और पशुओं को पानी पिलाने की सुविधा थी। कुछ लोगों ने उसका अतिक्रमण कर लिया। अभी 3 महीने पहले उस नदी को पुनर्जीवित करा लिया गया है जिससे*

*लोगों में खुशहाली है। गांव में पशुओं के लिये सिंचाई के लिये लोग परेशान नहीं होते। हम सरकार का प्रशासन का धन्यवाद करते हैं।*

**(समाप्त)**